सैनिक बनने का अनूठा तरीका

वेंडी फ़ेफ़र

चित्र: इलेन वर्स्ट्रेटे

लेखक का नोट

रेम गोल्डिन की कहानी का यह काल्पनिक वर्णन उन वास्तविक लोगों पर आधारित है जो क्रांतिकारी युद्ध के दौरान स्टाइट्स पॉइंट, न्यू जर्सी में इस अनुभव से गुज़रे थे. रेम गोल्डिन उस समय स्टाइट्स पॉइंट में रहता था.

क्रांतिकारी युद्ध के कुछ समय बाद, स्टाइट्स पॉइंट का नाम बदलकर गोल्डिन पॉइंट कर दिया गया. उसे अब बेस्लीज़ पॉइंट नाम दिया गया है, और अब वो ग्रेट एग हार्बर बे पर एक प्रसिद्ध स्थान है.

मैंने पहली बार रेम गोल्डिन के बारे में तब सुना था जब मैं एक छोटी बच्ची थी और जब मैंने अपनी गर्मियाँ, बेस्लीज़ पॉइंट क्षेत्र में बिताई थीं. बाद में, मैंने कई बार बेस्लीज़ पॉइंट की टकाहो सराय में दोपहर का भोजन और रात का खाना खाया. रेम की कहानी ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है.

19 सितम्बर 1776
स्टेट्स पॉइंटी, न्यू जर्सी

लगभग भोर हो चुकी थी.

रेम गोल्डिन के लॉग केबिन के बाहर,

टहनियाँ टूट कर गिरने लगीं.

पत्तियाँ चटकने लगीं.

रेम ने अपना कान दीवार से सटाया.

उसने अपने पापा को बातें करते हुए सुना.

पापा ने कहा, "हम सुबह होते ही निकल जाएंगे."

रेम जल्दी से उठ बैठा.

उसका कुत्ता, टोबी, धीरे से गुर्राने लगा.

"लगता है कुछ परेशानी है," रेम ने कहा.

शहर में कई जगहों पर, रेम ने लोगों को
एक-दूसरे से मिलते हुए देखा था.
उसने लोगों को "रेडकोट" और "युद्ध" जैसे
शब्द फुसफुसाते हुए सुना था.
"रेडकोट" ब्रिटिश सैनिक थे.
अमेरिकी उपनिवेश, ग्रेट ब्रिटेन के साथ
युद्ध लड़ रहे थे.

अमेरिकी लोग, ब्रिटेन से आज़ादी चाहते थे.
अत: उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया.
ब्रिटिश सैनिक वापस लड़ने के लिए अमेरिका आए.
ब्रिटिश सैनिक हर जगह थे.
ब्रिटिश युद्धपोत तट पर गश्त लगा रहे थे.
रेम कांप उठा.
क्या पापा लड़ने जाएंगे?

रेम ने झट से अपने कपड़े पहने.
वो सीढ़ी से नीचे चिमनी की ओर दौड़ा.
वहां दीवार के ऊपर "हॉर्न" नाम का
एक वाद्यंत्र लटका हुआ था.
"हॉर्न" एक मुड़े हुए मेढ़े के सींग और
दो चाँदी की पट्टियों से बना था.
रेम ने "हॉर्न" उठाया.
पापा की तलवार पहले ही जा चुकी थी.
तलवार हमेशा "हॉर्न" के पास लटकी रहती थी.
तलवार और "हॉर्न" दोनों, रेम के परदादा के थे.
परदादा ने उन्हें अपने बेटे,
यानि रेम के दादाजी को वो चीज़ें दी थीं.
कुछ साल पहले, दादाजी ने गर्व से
रेम के पापा को वो तलवार दी थी.
उन्होंने रेम को उसके जन्मदिन पर
"हॉर्न" भेंट किया था.

दादाजी ने बताया कि कैसे उनके पिता ने
युद्ध में वो "हॉर्न" बजाया था.
उन्होंने रेम को "हॉर्न" पर गीत बजाना
और युद्ध की आवाज़ें निकालना सिखाईं.

अगर पापा युद्ध करने जा रहे थे,
तो रेम भी उस युद्ध में कुछ मदद करेगा.
रेम हार्न को हाथ में लेकर केबिन से बाहर भागा.
उसका कुत्ता टोबी उसके पीछे दौड़ा.

घने चीड़ के पेड़ों के आसपास कोहरा छाया हुआ था.

टोबी हल्के से गुर्राया.

रेम ने ध्यान से सुना.

उसे कोहरे के बीच में आगे कुछ दिखा.

लगभग 50 आदमी झाड़ियों को रौंदते हुए

आगे बढ़ रहे थे.

अधिकांश के पास बंदूकें थीं.

कुछ के पास तलवारें थीं.

रेम उन लोगों के पीछे-पीछे दौड़ा.

जब वो उनके पास पहुंचा

तो उसने अपने परदादा की तलवार दिखाई दी

जो पापा की कमर से लटकी हुई थी.

"कर्तव्य के लिए तैयार,"

रेम ने सलामी के साथ घोषणा की.

पापा रुके.

"तुम यहाँ क्या कर रहे हो?" पापा ने पूछा.

रेम ने अपना हॉर्न लहराया.

“मैं भी एक सैनिक बनने जा रहा हूँ

आपकी और परदादा की तरह."

"नहीं," पापा ने कहा.

"तुम अभी लड़ने के लिए बहुत छोटे हो.

तुम घर जाओ."

"लेकिन मैं मदद करना चाहता हूँ," रेम ने कहा.

"हमारी अच्छी पड़ोसिन रेबेका और स्टाइट्स प्वाइंट की

सभी महिलाओं को तुम्हारी मदद चाहिए," पापा ने कहा.

"वे हमारे नमक के भंडार और ऊनी मोज़ों

की रखवाली कर रही हैं."

"क्या?" रेम चिल्लाया.

"नमक और मोज़ों की रखवाली?"

"नमक, भोजन को खराब होने से बचाता है.
ऊनी मोज़े सैनिकों को गर्म रखते हैं," पापा ने कहा
"जॉर्ज वॉशिंगटन के सैनिकों को
उन दोनों चीज़ों की सख्त जरूरत है.
ब्रिटिश रेडकोट, सारा नमक छीन लेते हैं
और साथ में ऊनी मोज़े भी."
रेम ने कहा, "मैं नमक और मोजों की रक्षा करने
के बजाए तोप से गोले चलाना पसंद करूंगा."
"रेबेका और उसकी बहन ने कुछ दिन पहले ही
खाड़ी की ओर मुंह वाली तोप लोड की है.
अगर वे उसे शूट कर सकती हैं तो फिर
मैं वो काम क्यों नहीं कर सकता हूँ?"
पापा ने एक मिनट के लिए रेम को गले लगाया.
फिर उन्होंने केबिन की ओर इशारा किया.
"घर जाओ, रेम," पापा ने दृढ़ता से कहा.

रेम मुड़ा और वापिस चला गया.
युद्ध एक वर्ष से अधिक समय से चल रहा था.
रेम ने पड़ोसियों को घायल होकर
घर वापस आते देखा था.
कई तो वापस ही नहीं आए थे.
रेम ने अपने आँसू रोके.
क्या पापा सुरक्षित घर आएंगे?

सैनिकों ने मार्च करना शुरू किया.
ढोल वादकों ने लगातार ताल ठोकी.
बांसुरी की धुन भी उसमें शामिल हुई.
बांसुरी की तीव्र धुन कोहरे में गूंजने लगी.
कुछ आदमियों ने सीटी बजाई.
कुछ ने गाया.

यांकी डूडल शहर गया
टट्टू पर सवार.
उसकी टोपी में एक पंख फँसा
पर उसे वो मैकरोनी लगा.

पापा ने मुड़कर हाथ हिलाया.

रेम ने उनकी ओर वापस हाथ हिलाया.

फिर रेम ने बाँझ के पेड़ों के बीच से

सैनिकों को गायब होते हुए देखा.

धीरे-धीरे संगीत की धुनें फीकी पड़ गईं.

"आज," रेम ने खुद से वादा किया,

"अगर मुझे कोई रेडकोट मिला

तो मैं उसे ऐसा मज़ा चखाऊंगा

कि उसे अपनी नानी याद आ जाएगी."

तब तक सुबह का सूरज उग चुका था.

सूरज, कोहरे के बीच

भूरे तोप के गोले जैसा लग रहा था.

रेम ने कहा, "चलो टोबी, हम फॉक्सबरो पहाड़ी

के ऊपर चढ़कर तोप की जांच करेंगे."

"वहां से हम ब्रिटिश युद्धपोतों पर नज़र रखेंगे."

रेम और टोबी दौड़कर फॉक्सबरो पहाड़ी
की चोटी पर पहुँच गए.
वो नीचे समुद्र तट पर
लहरों की आवाज़ को सुन सकते थे.
कोहरे ने समुद्र तट को छिपा दिया था.
रेम और टोबी तोप तक पहुँचे
तोप का मुंह खाड़ी की ओर था.
बड़ी काली तोप, बारूद से भरी हुई थी,
और दागे जाने के लिए तैयार थी.
ऐसा होना ही था.
कोई ब्रिटिश युद्धपोत आसानी से
खाड़ी में आ सकता था.
और खाड़ी में आने के बाद वो
समुद्र तट तक लंबी नावें भेज सकता था.
लंबी नावों में सवार ब्रिटिश सैनिक
स्टाइट्स प्वाइंट पर हमला कर सकते थे.
क्या पता, शायद कोई युद्धपोत
उसी क्षण कोहरे के माध्यम से आ रहा हो.

रेम ने पेड़ों के पास का शोर सुना.
उसे वो एक पदचाप की तरह लगा.
क्या वो कोई "टोरी" हो सकता था?
"टोरी" ग्रेट ब्रिटेन के प्रति वफादार थे.
वे जासूसी करते थे और
रेडकोट्स को जानकारी देते थे.
पदचाप करीब आता सुनाई दिया.
अचानक, रेम को कोहरे में एक छाया दिखाई दी.
छाया जल्दी से एक पेड़ के पीछे छिप गई
और फिर वो रेम की ओर बढ़ी.
रेम ने अपना हॉर्न ऊपर उठाया,
वो वार करने को तैयार था.

लेकिन वो रेबेका निकली, रेम की पड़ोसिन.

“मैं बस तोप की जाँच कर रही थी,” रेबेका ने कहा.

"स्वतंत्रता की घोषणा पर

जुलाई में हस्ताक्षर किए गए थे.

अगस्त में, 30,000 ब्रिटिश सैनिक

न्यूयॉर्क खाड़ी में आए."

"मुझे पता है," रेम ने कहा.

"अब हमारे लोग उनसे युद्ध करने जा रहे हैं."

"क्या तुम्हें लगता है कि "टोरी" ने उन्हें जाते

हुए देखा होगा?" रेबेका ने पूछा

रेम का दिल तेजी से धड़क उठा.

"हो सकता है कि उन्होंने रेडकोट्स को बताया

हो कि हमारे आदमी लड़ने गए हैं."

रेबेका ने अपना स्पाईग्लास उठाते हुए कहा,

“लेकिन, हमारे पास अपनी तोप है."

"और हमें उसे फायर करना आता है."

"हमारे पास सिर्फ एक ही तोप है!" रेम चिल्लाया.
"वहाँ से एक दर्जन नावें आ सकती हैं,
और सैकड़ों सैनिक भी
बंदूकों और तलवारों से लैस."
रेबेका ने रेम की बात को नजरअंदाज किया.
उसने अपना स्पाईग्लास नीचे रख दिया.
रेम ने देखने के लिए स्पाईग्लास उठाया,
“सैनिक अपने परिवार और ज़मीन की रक्षा के लिए
युद्ध में जाते हैं," रेम ने कहा.
"अगर रेडकोट्स मेरे करीब आए,
तब फिर मैं क्या कर सकता हूँ?
मैं सिर्फ अपने हॉर्न से
उनके सिर पर वार कर सकता हूँ."

पानी के ऊपर हल्की सी हवा चली.

पेड़ों की पत्तियाँ सरसराने लगीं.

कोहरा छंटने लगा.

तभी रेम को पानी पर एक छाया दिखाई दी.

वो छाया स्टाइट्स प्वाइंट के करीब बढ़ रही थी.

अचानक, रेम के हाथ से स्पाईग्लास गिर गया.

"रेडकोट्स आ रहे हैं," वो फुसफुसाआ.

रेबेका ने स्पाईग्लास उठाया.
उसने भी स्पाईग्लास से देखा.
फिर वो पहाड़ी से नीचे की ओर
चिल्लाई. "सारा, जल्दी आओ!
एक ब्रिटिश नाव खाड़ी में है."
रेम ने कहा, "टोरीज़ ने रेडकोट्स को
बताया होगा कि हमारे लोग युद्ध
लड़ने गए हैं."

रेबेका ने रेम को नजरअंदाज किया.
रेबेका दुबारा से चिल्लाई,
"रेडकोट आ रहे हैं!
माँ, एक बारूद का गोला लाओ."

सारा और उसकी पड़ोसी एस्तेर पहाड़ी पर तेज़ी से चढ़ीं.

"सारा," रेबेका ने कहा.

“झंडा लहराओ. जिससे रेडकट्स को यह लगे कि यहाँ पर सैनिक हैं. अब मुझे लम्बी नाव देखने के लिए स्पाईग्लास की जरूरत नहीं है."

रेबेका ने आदेश देना जारी रखा.

"एस्तेर, तोप चलाने में मेरी मदद करो. उसे सही स्थिति में लाओ. उस लम्बी नाव पर निशाना साधो. जल्दी करो!"

"मैं मदद करना चाहता हूँ!" रेम चिल्लाया.

लेकिन रेबेका ने फिर भी उसे नजरअंदाज किया.

रेबेका ने तोप का फ्यूज जलाया

बारूद के गोले के साथ.

रेम ने फ़्यूज़ को जलते हुए देखा.

रेम खुद को असहाय महसूस कर रहा था.

उसने भारी चप्पुओं की आवाज़ सुनी.

रेडकोट्स तेजी से दौड़े.

"वे करीब आ रहे हैं," रेम ने कहा.

"वे लगभग समुद्र के तट पर हैं!"

बूओउउम! तोप चली.

टोबी जल्दी से झाड़ी के नीचे छिप गया.

फॉक्सबरो पहाड़ी पर छोटे समूह ने

तोप के गोले को करीब से ज़ूम करके देखा

और दुश्मन की लंबी नाव की ओर निशाना साधा.

लेकिन निशाना रेडकोट्स के सिर से होकर गुज़र गया.

रेबेका और सारा ने दुबारा

तोप को पुनः लोड करने की शुरुआत की.

लेकिन उनके पास पर्याप्त समय नहीं था.

उन्हें जल्द ही मदद की ज़रूरत थी.

किसी को रेडकट्स को वापस

मुड़ने के लिए मज़बूर करना चाहिए.

रेम ने वही किया जो वो कर सकता था.

उसने अपने होठों पर हॉर्न रखा.

फिर उसने एक धुन बजाकर

सैनिकों का लड़ने के लिए आह्वान किया.

उसने सैनिकों को लड़ने का आदेश दिया.

हॉर्न की आवाज़ दूर तक फैली.

टोबी भी चिल्लाया.

रेम ने दुश्मन को करीब आते हुए देखा.

उनके रेडकोट्स सुबह के सूरज में चमक रहे थे.

रेम ने फिर से लड़ने का आह्वान किया.

रेम ने अपनी पूरी ताकत से हॉर्न में फूंका.

उसके होंठ सूख गए.

ऐसा लगा जैसे उसके फेफड़े फट जायेंगे.

फिर भी, रेम फूंकता रहा,

और जोर से, जोर से और जोर से.

अचानक, लम्बी नाव पलट गई.

"तुमने उन्हें अच्छा बेवकूफ बनाया," रेबेका ने कहा.

सारा ने कहा, "उन्हें लगता है कि हमारे

सैनिक यहां हैं, और वे उनसे लड़ने के लिए तैयार हैं."

"हॉर्न बजाते रहो, रेम," एस्तेर ने कहा.

"हॉर्न बजाते रहो."

रेम ने तब तक अपना हॉर्न बजाया जब तक

कि लम्बी नाव ब्रिटिश युद्धपोत तक पहुंच नहीं गई.

जैसे ही रेडकोट्स युद्धपोत पर चढ़े,

रेम ने फिर से हॉर्न में फूंक मारी.

युद्धपोत ने अपना लंगर ऊपर खींच लिया.

फिर युद्धपोत मुड़ा और समुद्र की ओर चला गया.

वो देखकर फ़ॉक्सबरो पहाड़ी पर मौजूद

उस छोटे समूह ने खुशी मनाई.

रेबेका ने रेम की पीठ थपथपाई.

"रेम," उसने कहा, "तुम वाकई हीरो हो.

तुम्हारे कारण स्टाइट्स प्वाइंट सुरक्षित है."

कुछ ही महीने बाद
केबिन के अंदर, रेम ने अपने
हॉर्न पर भेड़ की चर्बी रगड़ी.
उसने चांदी के पट्टियों को राख और सिरके से रगड़ा.
उसने उसे तब तक चमकाया
जब तक कि उसे उसमें अपना चेहरा नहीं दिखा.
"इस हॉर्न ने दो युद्धों का सामना किया है,"
उसने टोबी से कहा.
"वो हॉर्न दादाजी के युद्ध में था
और स्वतंत्रता के लिए इस युद्ध में भी."
फिर रेम ने हॉर्न को चिमनी के ऊपर लटका दिया.
"अब हॉर्न अगली लड़ाई के लिए तैयार है."

तभी केबिन का दरवाज़ा खुला.

और पापा अन्दर आये.

वह लंगड़ा रहे थे, लेकिन खुश दिख रहे थे.

"बढ़िया! आप घर आ गए," रेम चिल्लाया.

रेम दौड़कर पापा के गले लग गया.

"मुझे अपनी लड़ाई के बारे में बताएं," रेम ने पूछा.

"कुछ ख़ास नहीं हुआ," पापा ने कहा.

"लेकिन मैंने सुना कि तुमने रेडकोट्स से,

स्टाइट्स पॉइंट को बचाया.

देखो, तुम एक सैनिक बनना चाहते थे.

अब तुम्हें पता है कि सैनिक बनने के

अन्य तरीके भी हो सकते हैं.

मुझे तुम पर गर्व है."

रेम ने बड़ी मुस्कान के साथ कहा,

"परदादा के हॉर्न ने स्टाइट्स पॉइंट को बचाया."

"उन्हें भी इस बात का गर्व होता."

अंत के शब्द

रेम गोल्डिन ने त्वरित सोच से अपने दादा द्वारा दिए गए हॉर्न को बजाकर रेडकोट्स यानि ब्रिटिश सैनिकों के हमले से अपने गांव को बचाया. उसके पिता ने उस तलवार से लड़ाई की, जो रेम के दादाजी ने उन्हें दी थी. रेम के परदादा आयरलैंड में बॉयने की लड़ाई से हॉर्न और तलवार दोनों लेकर गए थे.

युद्ध के वर्षों के बाद, इस कहानी में रेबेका के सम्मान में CAR (अमेरिकी क्रांति के बेटे) के एक अध्याय को रेबेका स्टिलवेल अध्याय का नाम दिया गया था. ओशन सिटी, न्यू जर्सी में, DAR (अमेरिकी क्रांति की बेटियां) के ओशन सिटी चैप्टर ने उसकी बहन सारा स्टिलवेल को सम्मानित किया. स्टिलवेल परिवार, मेरे परिवार के रिश्तेदार थे.

किसी भी चीज़ से अधिक, रेम गोल्डिन, अमेरिकी क्रांति में अंग्रेजों से लड़ना चाहता था. उसके पिता और साइट्स पॉइंट, न्यू जर्सी के अन्य लोग लड़ाई में शामिल होने के लिए शहर छोड़ चुके हैं. लेकिन दस वर्षीय रेम व्यस्क सैनिकों के साथ जाने के लिए बहुत छोटी था. निराश होकर, वो समुद्र पार करने के लिए फॉक्सबरो पहाड़ी पर चढ़ गया. कोहरे के बीच उसे एक धुंधली आकृति दिखाई दी. क्या वो ब्रिटिश युद्धपोत हो सकता था? क्या रेम अपने शहर को बचाने का कोई रास्ता खोज पाएगा?